दिन– शनिवार दिनांक– 02 / 11 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने त्यौहारों के दौरान रेल यात्रियों के लिए सुविधाओं का जायजा लेने के लिए नई दिल्ली रेलवे स्टेशन को दौरा किया।

02. लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर तैयारियां अंतिम दौर में। छठ घाटों पर साफ–सफाई, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा के किये जा रहे हैं व्यापक प्रबंध।

03. दीपावली के बाद राजधानी पटना समेत सभी प्रमुख शहरों में वायु प्रदूषण का स्तर बढ़ा। हाजीपुर का एक्यूआई सबसे अधिक तीन सौ छियालीस रिकॉर्ड किया गया।

04. और, पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेश के कुछ भागों में तापमान में गिरावट आई। अगले चार से पांच दिनों तक सुबह और शाम धुंध का रहेगा प्रभाव।

——————————————————

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कल शाम नई दिल्ली रेलवे स्टेशन का दौरा किया जहां उन्होंने त्योहारों पर यात्रियों के लिए की गई विशेष सुविधाओं और व्यवस्थाओं की समीक्षा की। रेल मंत्री ने स्टेशन पर रेलगाडियों की प्रतीक्षा कर रहे यात्रियों से बातचीत भी की। उन्होंने रेलवे सुरक्षा बल और रेल अधिकारियों द्वारा यात्रियों की सुविधाओं के लिए की गई व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। पत्रकारों से बातचीत में श्री वैष्णव ने समुचित व्यवस्थाओं के लिए अधिकारियों की सराहना की। इसके साथ ही उन्होंने रेलवे स्टेशन पर व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने के लिए यात्रियों की भी प्रशंसा की।

———बाईट———

——————————————————

छठ पूजा और अन्य त्योहारों के मद्देनजर बिहार सहित पूर्वी क्षेत्र के यात्रियों के लिए रेलवे इस बार सात हजार से अधिक ट्रेन चला रहा है। पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने बताया कि छठ पूजा और पर्व त्यौहारों के मद्देनजर यात्रियों की सुविधा के लिए ईसीआर क्षेत्र से खुलने वाली और गुजरने वाली रेलगाड़ियों के इस बार पांच हजार से अधिक फेरे होंगे।

———बाइट———

मुख्य जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि भीड़भाड़ को देखते प्रमुख शहरों के लिए वंदे भारत और कई क्लोन ट्रेन भी चलाई जा रही हैं।

———बाइट———

——————————————————

लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर विभिन्न नदी–घाटों को अंतिम रुप दिया जा रहा है। विभिन्न जिलों से हमारे संवाददाताओं ने खबर दी है कि छठ घाटों की साफ–सफाई और घाटों पर प्रकाश व्यवस्था समेत अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन के साथ विभिन्न स्वंयसेवी संस्थाएं और आम लोग भी जुटे हुये हैं। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने नालंदा के बड़गांव सूर्यपीठ सहित कई छठ घाटों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए हर आवश्यक प्रबंध किये जा रहे हैं। इधर, पटना के जिलाधिकारी डॉ. चंद्रशेखर सिंह और वरीय पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा ने पटना के पालीगंज अनुमंडल के दुल्हिन बाजार प्रखंड स्थित उलार सूर्य मंदिर घाट का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कहा कि घाटों पर पहुंच पथ, पार्किंग और प्रकाश की समुचित व्यवस्था की जा रही है। इस बीच, छठ पर्व पर सुचारू बिजली आपूर्ति के लिए ऊर्जा विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल ने पटना में समीक्षा बैठक की। उन्होंने पूजा के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति के निर्देश दिये। गौरतलब है कि चार दिवसीय लोक आस्था का महापर्व छठ नहाय खाय के साथ पांच नवंबर को शुरू हो रहा है।

———————————————————

प्रदेश के कई हिस्सों में आज गोवर्धन पूजा और अन्नकूट का त्योहार पारम्परिक हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि गोवर्धन पूजा के अवसर पर पशुपालकों ने अपने पशुओं की पूजा की। इसके साथ ही कई जगहों पर पारम्परिक खेलों का भी आयोजन किया गया है। इधर, भाई दूज और चित्रगुप्त पूजा का त्योहार कल मनाया जायेगा।

———————————————————

दीपावली के बाद राजधानी पटना समेत प्रदेश के सभी प्रमुख शहरों में वायु प्रदूषण का स्तर खतरनाक श्रेणी में पहुंच गया है। नेशनल एयर क्वालिटी इंडेक्स रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली से भी ज्यादा प्रदूषित हवा बिहार की दर्ज की गई है। राजधानी पटना समेत प्रदेश के बारह जिलों का वायु गुणवत्ता सूचकांक दो सौ के पार चला गया है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान हाजीपुर प्रदेश का सबसे प्रदूषित शहर रहा जहां का एक्यूआई का स्तर तीन सौ छियालीस रिकॉर्ड किया गया। इसके अलावा मुजफ्फरपुर में दो सौ नब्बे, अररिया में दो सौ इकहत्तर, सीवान में दो सौ सड़सठ, छपरा में दो सौ चौंसठ, बेगूसराय में दो सौ साठ और पटना में एक्यूआई दो सौ छत्तीस दर्ज किया गया।

———————————————————

केन्द्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया ने युवाओं का आह्वान किया है कि वे प्रतिष्ठित राष्ट्रीय युवा पुरस्कार दो हजार बाईस–तेईस के लिए आवेदन करें। डॉक्टर मांडविया ने कहा कि ये पुरस्कार पन्द्रह से उनतीस वर्ष की आयु के व्यक्तियों और संगठनों को विकास और समाज सेवा के विभिन्न क्षेत्रो में उत्कृष्ट कार्य और योगदान के लिए दिए जाते हैं।

———बाईट———

यह केवल एक पुरस्कार ही नहीं बल्कि हमारे युवा साथियों द्वारा राष्ट्र की प्रगति और सामाजिक कार्यों में उनके द्वारा दिए गए योगदान का सम्मान है। उन्हें यह ज्ञात करने का एक माध्यम है कि आपको स्वयं के अन्दर की चेतना को जागृत करना। भारत के एक बेहतर नागरिक के रूप में स्वयं को प्रस्तावित करते हैं।

पुरस्कार के रूप में पदक, प्रमाण–पत्र और एक लाख रूपये नकद तथा संगठन के मामले में तीन लाख रूपये नकद दिए जाते हैं। दो हजार बाईस–तेईस के राष्ट्रीय युवा पुरस्कारों के लिए आवेदन गृह मंत्रालय के पुरस्कार पोर्टल के माध्यम से आमंत्रित किए गए हैं। पन्द्रह नवम्बर तक आवेदन किया जा सकता है।

————————————————————

राज्य की चार विधानसभा सीटों बेलागंज, इमामगंज, तरारी और रामगढ़ उप चुनाव के लिए तेरह नवम्बर को मतदान होगा। मतों की गिनती तेईस नवम्बर को होगी। इन सभी क्षेत्रों में राजनीतिक दलों ने प्रचार अभियान तेज कर दिया है। भाजपा, जदयू, हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा समेत एनडीए के सभी घटक दल अपने प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए लगातार जनसभाओं का आयोजन कर रहे हैं। वहीं, इंडिया गठबंधन की ओर से भी राजद, कांग्रेस और वाम दलों के नेता चुनाव प्रचार अभियान चला रहे हैं। प्रशांत किशोर के नेतृत्व वाले जनसुराज दल ने सभी चारों सीटों पर प्रत्याशी उतारे हैं।

————————————————————

निर्वाचन आयोग आज राज्यभर में सभी मतदान केन्द्रों पर संक्षिप्त मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत विशेष शिविर का आयोजन हो रहा है। लोग अपने संबंधित मतदान केंद्रों पर जाकर मतदाता सूची में नाम जुड़वा सकते हैं या संशोधन करा सकते हैं। यह अभियान अट्ठाईस नवंबर तक चलेगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एच.आर. श्रीनिवास ने बताया कि इस अभियान के तहत  तीन नवंबर, तेईस नवंबर और चौबीस नवंबर को भी विशेष शिविर लगाए जायेंगे। उन्होंने बताया कि लोग मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, हटाने और इसमें किसी तरह के बदलाव के लिए ऑनलाईन और ऑफलाईन आवेदन कर सकते हैं।

————————————————————

शिक्षा विभाग ने प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों कर्मियों के अक्टूबर माह के वेतन और पेंशन भुगतान के लिए तीन सौ अड़तीस करोड़ रूपये जारी कर दिये हैं। इसके तहत शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मियों को अक्टूबर माह के वेतन भुगतान के लिए एक सौ अड़तीस करोड़ तेरासी लाख रूपये अधिक की राशि जारी कर दी गयी है। इसके अलावा विश्वविद्यालयों, उनके अगीभूत कॉलेजों और अल्पसंख्यक घाटा अनुदानित कॉलेजों के सेवा निवृत्त शिक्षक तथा शिक्षकेत्तर कर्मियों के अक्टूबर माह के सेवांत लाभ के भुगदान के लिए एक सौ निन्यानवे करोड़ रूपये से अधिक की राशि जारी की गयी है।

——————————————————————

बेगूसराय के सिमरिया गंगा धाम पर आयोजित कल्पवास मेले में श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला जारी है। ब्योरा हमारे संवाददाता से——

———रिपोर्ट———

मोक्षदायनी उत्तरवाहिनी गंगा तट पर इन दिनों आस्था और भक्ति की धारा प्रवाहित हो रही है। कल्पवास मेले को लेकर सिमरिया धाम तपोभूमि में परिणत हो चुका है। बिहार के साथ–साथ पड़ोसी राज्यों झारखंड, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और ओडिशा से श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला जारी है। नेपाल से भी श्रद्धालुओं का जत्था गंगा स्नान के लिए पहुंच रहा है। कुछ श्रद्धालुओं ने आकाशवाणी समाचार के साथ बातचीत में अपने अनुभव साझा किये।

———बाईट——श्रद्धालु———

कल्पवास मेला की परंपरा सदियों पुरानी है। ऐसी मान्यता है कि राजा जनक के समय से कल्पवास मेले की परंपरा चली आ रही है। श्रद्धालु मोक्ष की प्राप्ति के लिए एक महीने तक गंगा किनारे पर्णकुटीर बनाकर मां गंगा की आराधना करते हैं। इस बार यह मेला सोलह नवम्बर तक चलेगा। इधर, प्रशासन की ओर से मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए व्यापक प्रबंध किये गये हैं। जिला प्रशासन ने आवासन, शुद्ध पेयजल, शौचालय और साफ–सफाई की व्यवस्था की गई है। आकाशवाणी समाचार के लिए बेगूसराय से विजय कुमार झा।

——————————————————————

प्रदेश में पछुआ हवा के प्रभाव के कारण तापमान में गिरावट हुई है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य के अधिकतर भागों में मौसम थोड़ा सर्द बने रहने की सम्भावना है। इस दौरान विभिन्न भागों में सुबह और शाम के समय धुंध का प्रभाव रहेगा। इधर, आज सुबह से ही राजधानी पटना सहित प्रदेश कई भागों में धुंध का प्रभाव देखा जा रहा है।

——————————————————————

मुम्बई में भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीसरे और अंतिम क्रिकेट टेस्ट मैच के दूसरे दिन भारत आज अपनी पहली पारी में चार विकेट पर छियासी रन के स्कोर से आगे खेलेगा। कल का खेल समाप्त होने तक शुभमन गिल इकतीस और ऋषभ पंत एक रन बनाकर क्रीज पर थे।

——————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– राज्य की सभी एक लेन की सड़कों का चौड़ीकरण होगा। दैनिक जागरण ने धान की अधिप्राप्ति की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। अखबार ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हवाले से लिखा है– धान के अनुमानित उत्पादन के अनुसार ही अधिप्राप्ति का लक्ष्य रखे। दैनिक भास्कर ने प्रदूषण से जुड़ी खबर को अपनी लीड बनाते हुये लिखा है– दीपावली पर प्रदूषण अंबाला और अमृतसर सबसे प्रदूषित। दिल्ली इस बार तीसरे पायदान पर रही। प्रभात खबर लिखता है– बीपीएससी ने हेडमास्टर और हेड टीचर का रिजल्ट जारी किया। छत्तीस हजार नौ सौ सैंतालीस नये हेड टीचर और पांच हजार नौ सौ इकहत्तर ने हेड मास्टर के लिए पास की परीक्षा।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार...........

01. रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने त्यौहारों के दौरान रेल यात्रियों के लिए सुविधाओं का जायजा लेने के लिए नई दिल्ली रेलवे स्टेशन को दौरा किया।

02. लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर तैयारियां अंतिम दौर में। छठ घाटों पर साफ–सफाई, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा के किये जा रहे हैं व्यापक प्रबंध।

03. दीपावली के बाद राजधानी पटना समेत सभी प्रमुख शहरों में वायु प्रदूषण का स्तर बढ़ा। हाजीपुर का एक्यूआई सबसे अधिक तीन सौ छियालीस रिकॉर्ड किया गया।

04. और, पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेश के कुछ भागों में तापमान में गिरावट आई। अगले चार से पांच दिनों तक सुबह और शाम धुंध का रहेगा प्रभाव।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।